रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3723] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 19, 2018/भाद्र 28, 1940
No. 3723] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 19, 2018/BHADRA 28, 1940

indiacode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 सितम्बर, 2018

का.आ. 4890(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र असाधारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 505 (अ), तारीख 2 फरवरी, 2018 द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई आक्षेप/सुक्षाव प्राप्त नही हुए हैं;

और, हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़, बिजनौर और अमरोहा के पांच जिलों में स्थित है। हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य 2073 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है जबकि प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्र 239.41 वर्ग किलोमीटर है;

और, हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य में वन्यजीव जीवजंतु की अच्छी विविधता है जिसमें स्तनधारियों की 41 प्रजातियां, पक्षियों की 373 प्रजातियां, सरीसृपों की 36 प्रजातियां; उभयचरों की 10 प्रजातियां और मछलियों की 79 प्रजातियां सम्मिलित हैं। अभयारण्य स्मौथ-कोअटेड ओट्टर (लुटरोगले पेरस्पिकिल्लाटा), *डाल्फिन* (पलाटानिस्टा गंगेटीका), *स्वाम्प डीयर* (रूकेरवुस दुवाउकेली), तेंदुआ (*पैंथेरा पार्डस*), काला हिरन (अंटीलोपे केरविकपरा), *भारतीय काला कछुआ* (मेलानोचेल्यस टरीजुगा), *ब्लैक पोंड कछुआ* (गेओकलेम्यस हमिलटोनि), *करोवनेड रिवेर कछुआ* (हरदेल्ला थुरजी), *ब्राउन रौफेड कछुआ* (पंगज़हुरा स्मिथि), *इंडियन रौफेड कछुआ* (पंगस्हुरा टेकटा), *इंडियन टेंट कछुआ* (पंगस्हुरा टेंटोरिया), *थ्री-स्टरीपेड रौफेड कछुआ* (बटगुर धोंगोका), *रेड-करोवनेड रौफेड कछुआ* (बटगुर कचुगा), *इंडियन फलाप सैल्ल कछुआ*

(लिस्सेम्यस पुंकटटे), *इंडियन सोफ्ट*-सेल्ल *कछुआ* (निलस्सोनिया गंगेटिका), *इंडियन पिकोक सोफ्ट*-सेल्ल *कछुआ* (निलस्सोनिया हुरूम), *इंडियन नरोंक*-हेअडेड सोफ्ट-सेल्ल *कछुआ* (चितरा इंडिका), *घरियाल* (गविअलिस गंगेटीकुस), *मुग्गेर* (करोकोडयलुस पलुस्टरिस), *सारस* (गरूस अंटीगोने), *रिवर ट्रन*(स्टेर्ना अयरंटिका), *इगयपटिअन गिद्ध* (नेओफरोन *पेरकनोपटेरूस*), *डरटेर* (अंहिंगा *मेलानोगस्टेर*), *ब्लैक*-हेअडेडलबिस (थरेस्किआरनिस मेलानोकेफलुस), *पिंटेड स्ट्रोक*(मयकटेरिया लेउकोकेफला), *इंडियन स्किम्मेर* (रयंचोपस अल्बिकोल्लिस), *ब्लैक*-बेल्लीड ट्रन (स्टेरना अकुटीकाउदा), *शिकरा* (अक्किपिटेर बदीउस), *गोल्डन महस्सेर* (टोर *पुटिटोरा*), *जमुनाइलिया*(अइलीचथयस्पुंकटाटा) आदि का महत्त्वपूर्ण वास है।

और, हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य से 280 से अधिक पौधों की प्रजातियां प्रतिवेदित है जिसमें से 81 औषधीय पौधें हैं। अभयारण्य से महत्त्वपूर्ण वनस्पति सिता अशोका (सराका अशोका), *इंडियन संदल्वौड* (संतलुम अलबम), *अर्जुन* (टरमिनालिया अर्जुन), नेवला (मंगिफेरा इंडिका), *कदम्ब*- बुरफलोवेर ट्री (नेओलामरकिया कदमबा), *कटसागोन* (हप्लोफरागमा अदेनोफयल्लुम), *खइर* (सेनेगलिया कटेचु), *पखद* (फिकुस लकोर), *पिखान* (फिकुस रूम्फि), *बंयान* (फिकुस बेंघालेंसिस), *बहेडा* (टरमिनालिया बेल्लेरिका), *सिशम*– इंडियन रोसेवौड (दल्बेरिगा सिस्सौ), *टैक* (टेकटोना ग्रांदिस), *चिरचिटा* (अचयरांथेस अस्पैरा) आदि अभिलिखित किए गए है।

और, हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण और पारिस्थितिकी की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों और उद्योगों के वर्गो और उनके प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तर प्रदेश राज्य में हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के 1 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र (अधिसूचना के उपाबंध क के रूप में संलग्न मानचित्र में दर्शाए गए अनुसार) को हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकीय संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं**--(1) उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन उत्तर प्रदेश के जिला मेरठ, हापुड, मुजफ्फरनगर, बिजनौर और अमरोहा के अंतर्गत आने वाले हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 1 किलोमीटर के क्षेत्र के बीच स्थित है। पारिस्थितिक संवेदी जोन का क्षेत्र 239.41वर्ग किलोमीटर है |

(2) हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध I** में दिया गया है।

(3) हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य और इसके संरक्षित क्षेत्र के भू-निर्देशांकों और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध II क और ख** में दिया गया है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य के भू-निर्देशांक **उपाबंध-III** में दिए गए है।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के 1 किलोमीटर की दूरी के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** के रूप में संलग्न हैं।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;
(ii) वन और वन्यजीव;
(iii) कृषि;
(iv) राजस्व;
(v) नगर विकास;
(vi) पर्यटन;
(vii) ग्रामीण विकास;
(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;
(ix) नगरपालिका;
(x) पंचायती राज; और
(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी । इस योजना के मानचित्र के साथ विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं का विवरण अनुसमर्थित होगा ।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और पैरा 4 की सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध और विनियमित कार्यकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिकी अनुकूल विकास के लिए जीवकोपार्जन को सुरक्षित करने के लिए सुनिश्चित किया जा सकेगा।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना की सह विस्तारी होगी ।

(9) उक्त महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को इस प्रकार विनियमित करेगी जिससे स्थानीय समुदायों की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी अनुकुल विकास को सुनिश्चित किया जाएगा।

(10) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कार्यों को करने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

IndiaCode

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –**पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या वृहद आवासीय काम्लैल्क्स या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) अवसंरचना और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन में सम्मिलित गृह वास; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप और पैरा 4 के अधीन दिया गया है:

परंतु यह और भी कि क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और अन्य नियमों और के राज्य सरकार के विनियमों अधीन के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोत की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिकी पर्यटन** – (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

IndiaCode

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और अनुज्ञात नहीं होंगे। तथापि नए, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिर्सोट का स्थापन केवल पूर्व परिनिश्चित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलाप का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा और राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी शिक्षा और पारिस्थितिकी विकास को महत्व देते हुए पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर पारिस्थितिकी संवेदी जोन में द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और किसी नए होटल /या वाणिज्यिक स्थापनों के संनिर्माण की अनुज्ञा दी जाएगी ।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के अन्तर्गत पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट –** ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान और प्रबंधन समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ख) पहचानी गई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ठ का प्रंबंधन सुरक्षित पर्यावरणीय ठोस प्रंबंधन से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पहचानी गई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ठ का प्रंबंधन सुरक्षित पर्यावरणीय ठोस प्रंबंधन से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय संचालन आवास के अनुकूल रीति में विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों तथा तदधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन यानीय संचलन के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किन्ही नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशा मार्गदर्शक सिद्धांन्तों में उद्योगो के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों का संवर्धन किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को उपदर्शित किया जाएगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 के अधीन बनाये गये नियम और अन्य लागू विधियां जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण)

अधिनियम, 1972 (1972 के 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित किए जाएंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का विनिर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसार की जाएगी ।
2.	प्रदूषण (जल या वायु या मृदा या ध्वनि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योग और उद्योगों में विद्यमान प्रदूषण का विस्तार अनुज्ञा नहीं होगी। फरवरी, 2016 में जब तक कि इस प्रकार अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषण कुटीर उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
8.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी लघु अस्थायी संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात होंगे, अन्यथा नहीं । परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, पर्यटक

		क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलापों के खर्च को पर्यटन महायोजना उसके साथ लागू दिशा निर्देशो के साथ सुनिश्चित किया जाएगा।
9.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवास्यों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी। (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुख-सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार परिभाषित गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योग; (iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधा भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिकी पर्यटन में जिस में ग्रह वास भी है सहायक हो; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध संवर्धित क्रियाकलापों की सूची : परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे। (ख)एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे।
10.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि उद्यान, जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से बने उत्पादों का उत्पादन करते हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
11.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी।
12.	वन उत्पादों अथवा गैर काष्ठ वन उत्पादों (एन टी एफ) का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
13.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। भूमिगत केबल के बिछाए

	परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे ।	जाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
14.	नागरिक सुख-सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों नियमों और विनियमों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ विनियमित किए जाएंगे।
15.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण ।	लागू विधियों नियमों और विनियमों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ विनियमित किए जाएंगे।
16.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
17.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
18.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
19.	फर्मो, कॉर्पोरेट, कंपनियों और द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे
20.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे और उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्रावों का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
21.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । वन्यजीव के मुक्त संचलन को अनुज्ञात करने के लिए पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर होटलों या अन्य वाणिज्यिक स्थापन अपनी परिसंपत्तियों में काटेदार से बाड नहीं लगाएंगे और कोई भी बाड़ एक मीटर से ऊंची नहीं होगी । कोई विद्यमान बाड़, जो इस उपदर्श का अनुपालन नहीं करती है, को आंचलिक महायोजना में वर्णित समय-सीमा के अनुसार उपांतरित किया जाएगा ।
22.	सतह और भूजल के वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
23.	कृषि या अन्य उपयोग के लिए खुले कुआ, बोर कुआ, आदि ।	विनियमित और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलाप की मानीटरी की जाएगी।
24.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर पॉलिथीन बैग के उपयोग की अनुमति है। तथापि, विशिष्ट आवश्यकता के आधार पर, यह लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	ट्रेकिंग और कैम्पिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

IndiaCode

30.	सामुदायिक रिजर्व प्रकृति।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
31.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ डेयरियों दुग्ध उत्पादन जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
32.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है ।
37.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	निम्नीकृत भूमि या वन या वास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति—केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का के अधीन 29) की धारा 3 की उपधारा (3) इस अधिसूचना के उपबंधो की निगरानी प्रभावी के लिए मानीटरी समिति गठित करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:--

1.	आयुक्त मेरठ क्षेत्र	- अध्यक्ष;
2.	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ	–सदस्य;
3.	गैर-सरकारी संगठनों का एक प्रतिनिधि, (विरासत संरक्षण सहित पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय) जिसे राज्य सरकार द्वारा नामित किया जायेगा	–सदस्य;
4.	पारिस्थितिकी का एक विशेषज्ञ	–सदस्य;
5.	जैव विविधता का एक विशेषज्ञ	–सदस्य;
6.	लोक निर्माण विभाग का कार्यकारी अभियंता,मेरठ	
7.	सिंचाई विभाग का कार्यकारी अभियंता, मेरठ	–सदस्य;
8.	वन्यजीव वार्डन, आगरा मेरठ क्षेत्र मेरठ	–सदस्य;
9.	क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला मेरठ	
10.	संभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी संभाग, मेरठ	–सदस्य सचिव।

6. निर्देश–निबंधन: — (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के पुन: गठन तक के लिए होगा और बाद में निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध V** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. **अतिरिक्त उपाय:** — इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. उच्चतम न्यायालय के आदेश.- इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/26/2017-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध ।

संरक्षित क्षेत्र के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा ग्राम जोगावाला, जिला मुजफ्फरनगर की सीमा से उत्तर में उ29°34'27.03" पू77°58'58.16" पर आरंभ होकर उत्तर दिशा में उ29°33'50.42" पू78°02'53.87" पर बिजनौर जिले के टीप ग्राम की ओर जाती है। इसके बाद यह मंडावर-बालावली सड़क को पार करके उ29°31'33.73"

पू78°04'11.03" पर पूर्व की ओर जाती है, चंदाक-बालावाली सड़क को पार करके उ29°32'38.49" पू78°04'53.48" पर दक्षिण पूर्व की ओर जाती है, इसके बाद भोजपुर-फजलपुर सड़क को पार करके उ29°31' 46.05" पू78°05'29.45" पर दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है, बिजनौर हरिद्वार सड़क को पार करके उ29°30'13.86" पू78°07'53.36" पर जाकर किरतपुर-मंडावर सड़क को पार करके उ29°29'35.20" पू78°08'36.96" इसके बाद यह मलन नदी को उ29°27'22.56" पू78°08'31.75" को पार करके दक्षिण दिशा की ओर जाती है। गजरौला शिव सड़क को उ29°26'14.61" पू78°08'28.58" पर पार करके, बिजनौर-किरतपुर सड़क को एनएच 119 उ29°23'22.19" पू78°08'49.56" पर पार करके पूर्व की ओर जाती है, बिजनौर-नगीना सड़क उ29°23'05.23" पू78°09'16.42" पर पार करती है, दक्षिण पूर्व दिशा में बिजनौर-मुरादाबाद उ29°21'39.92" पू78°08'50.82" को पार करती है, दक्षिण दिशा की ओर उ29°16'44.83" पू78°07'40.68" पर गंज-हलदौर सड़क को पार करके, पूर्वी गंगा नहर को पार करके उ29°14'58.43" पू78°12'53.06" चांदपुर-नहटौर सड़क को उ29°08'56.26" पू78°16'35.71" पर पार करती है, चांदपुर-नूरपुर सड़क को उ29°07'52.75" पू78°17'23.13" पर पार करती है और चांदपुर –फिना सड़क को उ29°07'12.45" पू78°17'11.80" पर पार करके उ29°01'48.74" पू78°16'49.99" अमरोहा जिले के पंधेरी सादात ग्राम तक पहुँचती है।

अमरोहा जिले के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा बिजनौर जिले के फनदेदी ग्राम की सीमा पर जीपीएस उ29°00'53.68" पू78°09'46.32" से आरंभ होती है और उत्तर पूर्व दिशा में जाती है फिर यह रसूलपुर ग्राम के जीपीएस बिंदु उ29°00'37.53" पू78°09'44.73" तक पहुँचती है, इसके बाद यह सीमा पुनः पूर्व दिशा में जाती है और फिर यह चुचेला कलां ग्राम पर जीपीएस बिंदु उ28°35'35.41" पू78°09'40.74" पर पहुँचती है। इसके बाद सीमा पूर्व की ओर जाती है फिर यह रामगंगा फीडर नहर पर जीपीएस बिंदु उ28°35'24.51" पू78°09'38.27" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है फिर यह धनौरा नोगावन मार्ग पर जीपीएस बिंदु उ28°34'58.39" पू78°09'21.26" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा जीपीएस बिंदु उ28°33'56.50" पू78°09'14.22" पर एसडीएम कालोनी के निकट पूर्व दिशा में जाती है। इसके बाद सीमा उत्तर पूर्व दिशा में जाती है फिर यह कुम्हारपुरा ग्राम पर जीपीएस बिंदु उ28°33'39.50" पू78°09'07.31" तक पहुँचती है। इसके बाद रेखा दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है फिर यह फतेहपुर चेतरा ग्राम के साथ जीपीएस बिंदु उ28°32'30.32" पू78°08'41.07" तक पहुँचती है। इसके बाद रेखा पुनः दक्षिण पूर्व दिशा में जाकर यह जोगीपुरा ग्राम के जीपीएस बिंदु उ28°31'30.81" पू78°08'32.22" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा पूर्व दिशा में जाती है फिर यह सलेमपुर गोसाई ग्राम पर जीपीएस बिंदु उ28°30'56.70" पू78°08'25.07" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है फिर यह खाईखेडा ग्राम पर जीपीएस बिंदु उ28°30'37.05" पू78°08'04.27" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा पूर्व दिशा में जाकर कुमराला पक्का पुल पर जीपीएस बिंदु उ28°30'08.07" पू78°07'55.29" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा पुनः पूर्व दिशा में जाती है और गजरोला रेलवे स्टेशन पर जीपीएस बिंदु उ28°30'06.29" पू78°08'42.86" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा उत्तर पूर्व दिशा में जाती है फिर यह अलीपुर चोपला पर जीपीएस बिंदु उ28°29'42.96" पू78°09'00.64" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा दक्षिण दिशा में जाती है फिर यह अलीपुर चोपला हसनपुर सड़क पर जीपीएस बिंदु उ28°29'33.54" पू78°08'42.91" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा दक्षिण पूर्व दिशा में पुनः जाती है फिर यह नैयपुरा ग्राम के साथ जीपीएस बिंदु उ28°29'26.56" पू78°08'27.98" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा दक्षिण दिशा में जाकर सुल्तानथेर ग्राम पर जीपीएस बिंदु उ28°28'23.02" पू78°07'15.93" तक पहुँचती है। इसके

IndiaCode

बाद सीमा दक्षिण दिशा में पुनः जाती है फिर यह बिजोरा मार्ग पर जीपीएस बिंदु उ28°27'47.05" पू78°06'16.25" तक पहुँचती है। इसके बाद सीमा पश्चिम दिशा में जाकर फिर यह जीपीएस बिंदु उ28°27'37.06" पू78°05'41.84" तक पहुँचती है, अमरोहा जिला में आखिरी ग्राम मोहम्मदाबाद में शून्य बिंदु पर जाकर यह हापुड़ जिला की सीमा तक पहुँचती है।


हापुड़ जिले में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा अमरोहा जिले की सीमा पर उ28°41'30.67" पू78°8'24.46" से आरंभ होती है, इसके बाद यह अलमगीरपुर, बृजघाट, अलबकशपुर ग्रामों से होते हुए एनएच-24 के साथ जाती है इसके बाद यह गरह-सियाना सड़क को छूकर उत्तर की ओर मुड़ती है और सियाना गरह चोपला को उ28°46'5.10" पू78°5'2.16" पर पार करती है। यह 28°47'3.41" पू78°4'9.08" पर गढ़मुक्तेश्वर कस्बे के बाई ओर के माध्यम से गढ़मेरठ सड़क पर जाती है। इसके बाद यह गढ़मेरठ सड़क को पार करके उ 28°47'7.31" पू78°4'0.21" दोतई गांव के पार से पश्चिम दिशा की ओर जाती है। इसके बाद यह कल्याणपुर, कुलपुर, झादिना ग्रामों को छूती हुई उत्तर दिशा में मुड़ती है और सैदपुर रेगुलेटर पर उ28°52'09.24" पू78°2'04.2" पर मेरठ जिले की सीमा तक पहुँचती है।

मेरठ जिले में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा उ28°52'38.65" पू78°1'11.20" से आरंभ होती है इसके बाद सड़क को पार करके उ29°2'39.20" पू77°58'29.41" पर असीलपुर, अगवानपुर, खाईखेरा ग्रामों को पार करके उत्तर की ओर मुड़ती है इसके बाद यह गांव गजुपरा में मवाना-चांदपुर सड़क को उ29°5'39.85" पू77°58'42.87" पर पार करके उत्तर की ओर जाती है, इसके बाद दरियापुर, अफजलपुर और नाईपोथा ग्रामों को छूती हुई उत्तर की ओर जाती है और गणेशपुर-हस्तिनापुर सड़क उ29°8'54.73" पू77°58'10.94" पर पार करती है, उसके बाद तजपुरा, समसपुर एवं फतेहपुर हंसपुर ग्रामों को छूकर उत्तर दिशा में मुड़ती है और मुजफ्फरनगर जिले की सीमा पर मोहमदपुर शाकिस्त ग्राम पर उ29°14'39.89" पू77°58'49.32" पर पहुँचती है।

मुजफ्फरनगर जिले में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा हसमपुरा ग्राम में उ29°14'39.89" पू77°58'49.32" से आरंभ होकर और पुत्तही इब्राहिमपुर और किथोडा ग्रामों को छूकर उत्तर की ओर मुड़ती है, इसके बाद मेरठ-पौड़ी सड़क को उ29°17'34.14" पू77°56'58.90" पर पार करती है, इसके बाद मीरापुर, जमलपुर बंगाल, सिकन्दरपुर, ज़दवद, कटिया और तेंदेदा सदत ग्रामों को छूती हुई उत्तर की ओर जाती है और मोरना-जनसथ सड़क का उ 29°23'38.89" पू77°55'12.22" पर पार करती है। इसके बाद यह ककरौली ग्राम को छूकर उत्तर की ओर मुड़ती है इसके बाद मुजफ्फरनगर-जौली-बेहदा सदत सड़क को उ29°24'40.31" पू77°58'48.73" पर पार करके, पानीपत-खतिमा सड़क को उ29°28'07.98" पू 77°55'39.98" पर पार करके बेहदा सदत, दौलतपुर एवं बेहदा हैदी ग्रामों को छूती हुई उत्तर की ओर मुड़ती है, इसके बाद यह मोरना नगर और अथाई ग्राम को छूती हुई उत्तर की ओर मुड़ती है इसके बाद यह मुख्य गंगा नहर की उ29°30'05.42" पू77°52'37.72" पर पार करती है, इसके बाद यह बेलदा और धीराहेरी ग्रामों को पार करके उत्तर की ओर मुड़ती है इसके बाद यह मुख्य गंगा नहर की उ29°31'25.41" पू77°52'45.12" पर पार करती है, इसके बाद यह गगवड़ा ग्राम को छूती हुई उत्तर दिशा में मुड़ती है। इसके बाद यह गंगा नहर के सहायक धाराओं को उ29°34'08.07" पू77°53' 01.35" पर पार करती है, इसके बाद यह दुहेली नंगला, मलकपुर, जिंदावाला और अलमावाला ग्रामों को छूती हुई पूर्व दिशा में जाती है, इसके बाद यह जोगावाला ग्राम में उ29°34'27.03" पू77°58'58.16" पर मुजफ्फरनगर जिले की सीमा तक पहुँचती है।


उपाबंध II-क


भारतीय सर्वेक्षण (एस ओ आई) की टोपोशीट पर मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध- II-ख

हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य के लिए वन खंडों और मुख्य अवस्थानों और भारतीय सर्वेक्षण (एस ओ आई) टोपोशीट मानचित्र के साथ संरक्षित क्षेत्र सीमा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन को दर्शाने वाला मानचित्र (मापा नहीं गया)





उपाबंध-III

सारणी क: हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य के प्रमुख स्थानों के भू-निर्देशांक

आई.डी	एक्स	वाई
1.	78° 6' 5.945" पू	29° 34' 36.390" उ
2.	78° 8' 38.507" पू	29° 33' 1.281" उ
3.	78° 8' 35.763" पू	29° 30' 10.289" उ
4.	78° 8' 34.369" पू	29° 27' 30.670" उ
5.	78° 8' 51.509" पू	29° 24' 34.906" उ
6.	78° 8' 59.007" पू	29° 21' 55.596" उ
7.	78° 7' 47.617" पू	29° 19' 8.815" उ

8.	78° 8' 22.568" पू	29° 16' 29.154" उ
9.	78° 11' 7.818" पू	29° 15' 13.960" उ
10.	78° 13' 37.270" पू	29° 14' 6.101" उ
11.	78° 15' 10.299" पू	29° 11' 33.342" उ
12.	78° 16' 30.694" पू	29° 8' 58.032" उ
13.	78° 17' 6.009" पू	29° 6' 13.547" उ
14.	78° 16' 58.363" पू	29° 3' 11.535" उ
15.	78° 16' 38.550" पू	29° 0' 10.544" उ
16.	78° 16' 1.874" पू	28° 57' 17.825" उ
17.	78° 15' 19.745" पू	28° 54' 21.054" उ
18.	78° 14' 19.413" पू	28° 51' 29.420" उ
19.	78° 15' 28.448" पू	28° 49' 30.712" उ
20.	78° 13' 6.014" पू	29° 47' 38.709" उ
21.	78° 10' 33.863" पू	28° 45' 58.085" उ
22.	78° 7' 49.449" पू	28° 44' 59.806" उ
23.	78° 4' 57.560" पू	28° 46' 0.718" उ
24.	78° 3' 43.600" पू	28° 48' 17.899" उ
25.	78° 2' 37.734" पू	28° 51' 5.332" उ
26.	78° 1' 11.046" पू	28° 53' 37.286" उ
27.	78° 0' 49.857" पू	28° 56' 35.273" उ
28.	77° 59' 56.059" पू	28° 59' 29.615" उ
29.	77° 58' 30.487" पू	29° 1' 50.051" उ
30.	77° 58' 36.309" पू	29° 4' 44.668" उ
31.	77° 58' 30.151" पू	29° 7' 26.219" उ
32.	77° 57' 53.593" पू	29° 10' 12.503" उ
33.	77° 57' 58.006" पू	29° 12' 54.913" उ
34.	77° 58' 47.468" पू	29° 15' 38.919" उ
35.	77° 57' 0.920" पू	29° 17' 46.874" उ
36.	77° 57' 57.624" पू	29° 20' 35.047" उ
37.	77° 56' 24.026" पू	29° 23' 3.117" उ
38.	77° 55' 49.699" पू	29° 25' 6.031" उ

IndiaCode

39.	77° 55' 41.429" पू	29° 28' 0.908" उ
40.	77° 53' 38.924" पू	29° 30' 4.442" उ
41.	77° 53' 11.474" पू	29° 32' 3.090" उ
42.	77° 53' 14.207" पू	29° 34' 48.858" उ
43.	77° 55' 5.865" पू	29° 37' 8.400" उ
44.	77° 58' 4.276" पू	29° 37' 10.638" उ
45.	78° 0' 37.089" पू	29° 35' 56.570" उ
46.	78° 3' 29.492" पू	29° 36' 2.190" उ

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रमुख स्थानों के भू-निर्देशांक

आईडी	एक्स	वाई
ए.	78° 1' 59.100" पू	29° 35' 0.059" उ
बी.	78° 4' 43.389" पू	29° 34' 51.373" उ
सी.	78° 7' 11.249" पू	29° 33' 12.314" उ
डी.	78° 8' 13.483" पू	29° 30' 59.150" उ
ई.	78° 7' 39.632" पू	29° 28' 22.382" उ
एफ.	78° 8' 1.746" पू	29° 25' 33.980" उ
जी.	78° 8' 32.659" पू	29° 22' 51.877" उ
एच.	78° 7' 36.414" पू	29° 20' 22.996" उ
आई.	78° 7' 3.039" पू	29° 17' 26.750" उ
जे.	78° 9' 2.320" पू	29° 15' 32.600" उ
के.	78° 9' 2.320" पू	29° 15' 32.600" उ
एल.	78° 13' 52.159" पू	29° 12' 48.297" उ
एम.	78° 15' 20.906" पू	29° 10' 13.619" उ
एन.	78° 16' 26.772" पू	29° 7' 50.908" उ
ओ.	78° 16' 30.312" पू	29° 4' 49.283" उ
पी.	78° 16' 13.785" पू	29° 1' 48.359" उ
क्यू.	78° 15' 45.544" पू	28° 58' 49.872" उ
आर.	78° 15' 5.922" पू	29° 56' 1.401" उ
एस.	78° 14' 20.688" पू	28° 53' 5.639" उ
टी.	78° 13' 7.849" पू	28° 50' 19.759" उ
यू.	78° 14' 13.738" पू	28° 49' 14.343" उ
वी.	78° 11' 47.995" पू	29° 47' 26.365" उ
डब्ल्यू.	78° 9' 10.038" पू	28° 45' 58.150" उ

एक्स.	78° 6' 26.294" पू	28° 46' 6.383" उ
वाई.	78° 4' 11.780" पू	28° 47' 38.832" उ
जेड.	78° 3' 35.240" पू	28° 50' 26.358" उ
ए ए.	78° 2' 10.922" पू	28° 52' 52.477" उ
बी बी.	78° 1' 29.082" पू	28° 55' 42.633" उ
सी सी.	78° 0' 50.481" पू	28° 58' 36.669" उ
डी डी.	77° 59' 59.426" पू	29° 1' 25.806" उ
ई ई.	77° 59' 5.786" पू	29° 3' 35.533" उ
एफ एफ.	77° 59' 25.992" पू	29° 6' 9.497" उ
जी जी.	77° 58' 59.545" पू	29° 8' 34.572" उ
एच एच.	77° 58' 4.536" पू	29° 11' 12.542" उ
आई आई.	77° 59' 19.264" पू	29° 13' 50.151" उ
जे जे.	77° 58' 41.312" पू	29° 16' 14.958" उ
के के.	77° 57' 52.852" पू	29° 18' 40.736" उ
एल एल.	77° 58' 17.816" पू	29° 21' 29.689" उ
एम एम.	77° 56' 22.501" पू	29° 23' 39.013" उ
एन एन.	77° 56' 17.929" पू	29° 26' 0.643" उ
ओ ओ.	77° 55' 53.442" पू	29° 28' 42.615" उ
पी पी.	77° 53' 50.334" पू	29° 30' 37.108" उ
क्यू क्यू.	77° 54' 2.235" पू	29° 32' 39.108" उ
आर आर.	77° 54' 23.069" पू	29° 35' 10.759" उ
एस एस.	77° 56' 31.784" पू	29° 36' 51.165" उ
टी टी.	77° 59' 20.515" पू	29° 36' 13.900" उ

उपाबंध III

हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

जिला नाम	**क्र.सं.**	**ग्राम नाम**	**जी.पी.एस. अवस्थिति**					
			उ			**पू**		
			डिग्री	**मिनट**	**सेकेण्ड**	**डिग्री**	**मिनट**	**सेकेण्ड**
	1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**
मेरठ	**1**	मोहम्मद पुर	29	14	17.1	77	58	57.4
	2	मोड खुर्द	29	13	40.1	77	58	34.9
	3	सदर पुर	29	13	34.2	77	58	31.8
	4	बहसुमा	29	12	25.3	77	57	37.5
	5	समसपुर	29	11	08.2	77	57	34.0

	6	रेहमापुर	29	10	14.3	77	57	58.0
	7	हस्तिनापुर/गणेशपुर	29	08	56.5	77	58	17.5
	8	नगला चंद	29	07	43.0	77	58	43.8
	9	पाली	29	07	21.2	77	59	26.5
	10	इकबारा	29	06	49.1	77	58	16.0
	11	दरियापुर	29	06	30.9	77	59	07.3
	12	निदावली	29	05	59.2	77	58	52.2
	13	धुमा नगली	29	05	39.5	77	58	47.9
	14	अलीपुर मोरना	29	05	07.5	77	58	47.6
	15	गजरौली	29	04	52.3	77	58	40.5
	16	अकबरपुर इच्छाबाद	29	04	08.2	77	58	39.3
	17	हुमायुन पुर	29	02	57.7	77	58	37.4
	18	जय सिंह पुर	29	02	34.0	77	58	36.9
	19	अगवानपुर	28	59.643	-	77	59.843	-
	20	नारंगपुर	28	58.440	-	78	00.391	-
	21	गेसुपुर सुमाली	28	56.257	-	78	01.393	-
	22	गेसुपुर जनुबी	28	56.017	-	78	01.352	-
	23	महमूद पुर	28	55.587	-	78	01.441	-
	24	असीलपुर	28	53.860	-	78	01.684	-
बिजनौर	1	मीरापुर खादर	29	31	625	78	04	069
	2	दयाल वाला	29	31	567	78	04	255
	3	शेखु पुरा	29	31	090	78	05	593
	4	देवी दास वाला	29	30	216	78	04	432
	5	मंदावर	29	29	391	78	07	458
	6	मोंदिया	29	29	876	78	08	459
	7	लालपुर	29	28	616	78	07	807
	8	लायक पुर	29	27	985	78	07	956
	9	सुखानंद पुर	29	28	644	78	07	994
	10	जनदार पुर	29	25	938	78	07	901
	11	गजरौला शिव	29	26	274	78	08	488
	12	मंडावली सैदु	29	25	623	78	07	918
	13	जमाल पुर पठानी	29	25	023	78	08	015
	14	आदमपुर	29	23	311	78	08	727
	15	बिजनौर	29	22	909	78	08	188
	16	आदर्श नगर	29	23	311	78	08	727
	17	बकशी वाला	29	22	253	78	08	961

IndiaCode

	18	बुखारा	29	22	363	78	08	765
	19	झंडा पुर	29	20	716	78	07	782
	20	लक्की वाला	29	18	310	78	07	051
	21	दारा नगर गंज	29	16	719	78	07	028
	22	शाहपुर	29	15	988	78	08	021
	23	महमूदा	29	15	641	78	09	189
	24	छचहरी टीप	29	14	665	78	10	746
	25	झलाउ लेदा	29	14	768	78	11	986
	26	हीमपुर दीपा	29	13	42.0	78	13	07.4
	27	रतन पुर खुर्द	29	13	30.1	78	13	20.8
	28	सुदनी पुर रवती	29	12	42.7	78	13	50.5
	29	अकबर पुर टिगरी	29	11	12.3	78	14	36.6
	30	रौनिया	29	10	28.7	78	15	18.6
	31	सयाउ	29	08	48.3	78	15	46.4
	32	चांदपुर	29	08	16.2	78	15	43.5
	33	हरपुर	29	06	20.3	78	16	42.9
	34	मिर्जापुर	29	05	36.6	78	16	51.3
	35	बगदपुर	29	04	22.5	78	16	39.0
	36	दरवाडा	29	05	57.7	78	16	30.6
हापुड़	1	सैदपुर	28	52	22.0	78	02	37.2
	2	कल्याण पुर	28	49	45.2	78	03	22.7
	3	जनपुरा	28	49	28.1	78	03	10.6
	4	खिलवई	28	48	42.6	78	03	33.7
	5	दोताई	28	47	57.2	78	03	18.3
	6	अल्लावक्श पुर	28	46	05.8	78	06	11.2
अमरोहा	1	बछरायुन	28	55	50	78	14	56.6
	2	फत्तेपुर छिछरा	28	54	22.03	78	14	35.02
	3	जोगीपुर	28	53	59.1	78	14	25.0
	4	सकरथली	28	52	20.7	78	13	57.04
	5	चकी खेड़ा	28	51	25.1	78	13	25.0
	6	अहरोला तेज़वान	28	51	13.2	78	13	30.0
	7	कृपाल नाथ पुर	28	50	18.8	78	13	06.7
(हसनपुर रेंज)	8	फज़ल पुर	28	50	17.09	78	14	04.3
	9	गजरौला	28	50	17.06	78	14	32.02
	10	कुम्हारपुरा	28	55	52.3	78	15	03.2
	11	मोहम्मद पुरा	28	56	17.3	78	15	22.2

IndiaCode

	12	कमल पुर काजी	28	56	54.7	78	15	42.1
	13	धनौरा शहर	28	57	33.6	78	15	23.5
	14	पत्तरकुटी	28	58	29.2	78	15	42.5
	15	चुचैला कलान	29	59	51.7	78	16	09.8
	16	रसूल पुर	27	01	03.3	78	16	15.3
	17	फदेदी	29	01	49.6	78	16	25.5
	18	महमूदा बाद	28	46	19.0	78	09	53.0
	19	कनकाथेर	28	47	07.4	78	11	11.1
	20	सुलतान थेर	28	47	45.0	78	12	08.3
	21	खियाली पुर	28	47	43.7	78	12	08.0
	22	नई पुरा	28	48	53.1	78	13	44.4
	23	भारतीय ग्राम	28	49	09.8	78	14	01.3
मुजफ्फर नगर	**1**	हासम पुरा	29	15	25.80	77	58	46.51
	2	किथोरा	29	16	51.09	77	57	11.55
	3	मीरा पुर	29	17	35.10	77	56	58.90
	4	वलीपुरा	29	18	10.74	77	56	52.64
	5	सिकन्दर पुर	29	19	38.08	77	57	37.54
	6	जदवाद	29	20	50.76	77	57	51.88
	7	कटिया	29	21	39.05	77	57	20.63
	8	तनधेदा सदत	29	22	17.79	77	56	52.12
	9	तनधेदा गईराबाद	29	22	32.54	77	56	44.25
	10	ककरौली	29	23	41.59	77	55	10.33
	11	दौलत पुर	29	25	47.52	77	55	38.47
	12	ककराला	29	28	22.08	77	55	24.04
	13	भीदाहेदी	29	27	27.75	77	55	25.12
	14	नई बस्ती मौरना	29	27	45.60	77	55	35.16
	15	अथाई	29	29	24.40	77	54	16.00
	16	बेलदा	29	30	28.48	77	52	33.23
	17	धीराहेदी	29	30	42.86	77	52	24.66
	18	सिकन्दर पुर	29	32	29.54	77	53	20.07
	19	लालपुर गैराबाद	29	32	36.68	77	53	21.86
	20	ज़िदावाला	29	34	54.68	77	55	15.47
	21	कलेवाल	29	35	06.78	77	54	50.93

IndiaCode

	22	मिलकपुर	29	34	47.12	77	53	31.16
	23	नारायण पुरी	29	34	55.98	77	53	52.72
	24	बबरा गैराबाद	29	18	32.69	77	56	58.74
	25	जमालपुर बैंगर	29	18	56.24	77	57	13.09
	26	खोखनी	29	24	19.99	77	55	26.50
	27	रायपुर	29	30	07.23	77	53	07.19
	28	निरंगाजनी	29	31	19.07	77	52	45.94
	29	दुहेली	29	34	37.27	77	53	10.45
	30	हाजीपुर खादर गैराबाद	29	34	36.68	77	58	28.17
	31	अलमावाला	29	34	21.89	77	59	58.93
	32	मजलीशपुर	29	34	18.15	78	00	09.62
	33	शाहजहाँ पुर	29	33	32.16	78	01	14.72

उपाबंध V

पारिस्थितिकी संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारिख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक उपाबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना।
4. भू-अभिलेख (पारिस्थितिकी संवेदी जोन) में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश । ब्यौरों उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकते हैं।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जा सकते हैं ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संवीक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FORESTS AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 18th September, 2018

S.O. 4890(E).—WHEREAS.- a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 505(E) dated 2nd February, 2018, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, no comments/objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, The Hastinapur Wildlife Sanctuary is located in five districts-Muzaffarnagar, Meerut, Hapur, Bijnor and Amroha of Uttar Pradesh. It spreads in an area of **2073 sq. km**. while the area of the proposed Eco-sensitive zone is **239.41 sq km**;

AND WHEREAS, The Hastinapur Wildlife Sanctuary holds good diversity of wildlife fauna which includes 41 species of Mammals, 373 species of Birds, 36 species of Reptiles, 10 species of Amphibians and 79 species of Fishes.The sanctuary is the important habitat of Smooth-coated otter (*Lutrogale perspicillata),* Dolphin(*Platanista gangetica),* Swamp Deer (*Rucervus duvaucelii),* leopard (*Panthera pardus),* Blackbuck (*Antilope cervicapra),* Indian black turtle (*Melanochelys trijuga),* Black pond turtle (*Geoclemys hamiltonii),* Crowned river turtle(*Hardella thurjii),* Brown roofed turtle (*Pangshura smithii),* Indian roofed turtle (*Pangshura tecta),* Indian tent turtle (*Pangshura tentoria),* Three-striped roofed turtle(*Batagur dhongoka),* Red-crowned roofed turtle (*Batagur kachuga),* Indian flap shell turtle (*Lissemys punctate),* Indian soft-shell turtle (*Nilssonia gangetica),* Indian peacock soft-shell turtle (*Nilssonia hurum),* Indian narrow-headed soft-shell turtle (*Chitra indica),* Gharial (*Gavialis gangeticus),* Mugger (*Crocodylus palustris),* Sarus Crane(*Grus Antigone),* River Tern(*Sterna aurantia),* Egyptian Vulture(*Neophron percnopterus),* Darter(*Anhinga melanogaster),* Black-headed Ibis(*Threskiornis melanocephalus),* Painted Stork(*Mycteria leucocephala),* Indian Skimmer(*Rynchops albicollis),* Black-bellied Tern (*Sterna acuticauda),* Shikra(*Accipiter badius),* Golden mahseer(*Tor putitora),* Jamunaailia(*Ailiichthyspunctata)* etc.

